an>

Title: Regarding quality control of flyover being built by Damodar Valley Corporation in Bokaro Thermal and providing houses under government schemes to the people displaced.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि झारखंड प्रदेश के बोकारो जिले के अन्तर्गत दामोदर वैली कारपोरेशन के द्वारा बोकारो थर्मल में 184 करोड़ रूपए से फ्लाई ओवर का निर्माण करवाया जा रहा है। उसकी गुणवत्ता और करीब 39 परिवारों को इस बरसात के मौसम में वहाँ से विस्थापित किया गया। हमारा आपसे निवेदन है और दामोदर वैली कारपोरेशन से भी हमारा आग्रह होगा कि वे जो विस्थापित परिवार हैं, उनको प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत, चाहे इन्दिरा आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे जो बीपीएल परिवार के लोग हैं, उनको राहत मिल सके और फ्लाई ओवर का जो निर्माण हो रहा है, उसकी क्वालिटी को भी मैंन्टेन किया जाए। आपने समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।